# शपथग्रहण: रामलीला मैदान भगवा रंग में रंगा

## समारोह स्थल को गेंदे के फूलों और हरे पत्तों से सजाया गया, समर्थकों ने जय सिया राम के नारे लगाये

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए बृहस्पतिवार को हजारों भाजपा समर्थकों के एकत्र होने से विशाल रामलीला मैदान भगवा रंग में रंग गया। समारोह स्थल को गेंदे के फूलों और पान के पत्तों से सजाया गया था, जबकि उत्साही समर्थक जय सिया राम के नारे लगा रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के झंडे लहरा रहे थे और खुशी से लोग नारे लगा रहे थे।

विभिन्न राज्यों और पृष्ठभूमियों से करीब 50,000 लोग इस भव्य समारोह को देखने के लिए एकत्र हुए जिसे 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में वापसी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इनमें 70 वर्ष की एक बुजुर्ग महिला भी शामिल थीं, जो इस समारोह को देखने के लिए उत्तर प्रदेश से यहां आई थीं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, वह यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने आई है। वह आज बहुत खुश है कि उसे यह मौका मिला, भले ही यह दूर से ही क्यों न हो।

उत्सव के माहौल में संगीतकारों ने शहनाई और ढोल बजाया और तेरी मिट्टी में मिल जावा और मां तुझे सलाम जैसे देशभक्ति वाले गीतों से छटा बिखेरी। नारंगी रंग की साड़ी पहने जनकपुरी निवासी सुनीता गुप्ता ने एक महिला के नेतृत्व की अहम भूमिका निभाने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, उन्हें इस बात पर गर्व है कि एक महिला मुख्यमंत्री बन रही है। इससे हम सभी को प्रोत्साहन मिलता है।



शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए बृहस्पतिवार को हजारों भाजपा समर्थक रामलीला मैदान पहुंचे । फोटो: रंजन डिमरी

## कपिल मिश्रा ने भाजपा हिंदुत्व के पोस्टरबॉय के रूप में बनाई पहचान



**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता से दिल्ली सरकार में मंत्री बने कपिल मिश्रा कभी आम आदमी पार्टी के नेता के तौर पर भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कटु आलोचक माने जाते थे, लेकिन अब वह हिंदुत्व के पोस्टरबॉय के रूप में नई पहचान के साथ उभरे हैं। मिश्रा अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करने से पहले एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। 44 वर्षीय मिश्रा राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और वर्ष 2015 में करावल नगर सीट से विधायक चुने गए।



## प्रवेश वर्मा ने मंत्रिमंडल में हैं भाजपा का जाट चेहरा

**नई दिल्ली।** वर्ष 2014 में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर राष्ट्रीय राजनीति में उभरे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवेश वर्मा का राजनीतिक कद तीन बार मुख्यमंत्री रहे आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में हराने के बाद काफी बढ़ गया। वह पार्टी का प्रमुख जाट चेहरा थे उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन अंततः यह पद पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता को मिला। वर्मा को रेखा गुप्ता की अगुवाई वाली दिल्ली सरकार में मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा की छवि तेजर्तार नेता की रही है, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वयं को नई दिल्ली विधानसभा सीट पर केजरीवाल का प्रतिद्वंद्वी घोषित किया था। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल तीन बार से नई दिल्ली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। प्रवेश वर्मा फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए की डिग्री हासिल कर चुके हैं। वह अपने पिता द्वारा स्थापित गैर-लाभकारी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान के माध्यम से सामाजिक कार्यों में भी शामिल रहे हैं। सात नवंबर 1977 को दिल्ली में जन्मे प्रवेश वर्मा ने बचपन से ही राजनीति में रुचि दिखाई और वह 1991 में बाल स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हो गए। वह भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) में शामिल हो गए और इसकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने। बाद में उन्होंने भाजपा की दिल्ली इकाई के महासचिव के रूप में काम किया। उनके गैर-लाभकारी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान ने कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की है, गुजरात में भूकंप से प्रभावित दो गांवों के पुनर्वास में मदद की है और चक्रवात से प्रभावित ओडिशा के तीन गांवों में पुनर्वास कार्य किया है।



"रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई व शुभकामनाएं, डबल इंजन की सरकार समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी।"

**योगी आदित्यनाथ ( मुख्यमंत्री )**



"रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनने से दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इससे प्रेरणा मिलेगी। उनका जीवन बहुत लोगों की जिंदगी को बदलेगा वह दिल्ली के लिए अच्छा करेंगी और दिल्ली को आगे बढ़ाने में उनका भरपूर योगदान होगा।"

**योगेश सिंह ( कुलपति )**



"एक अच्छी शुरुआत, दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता को पदभार ग्रहण करने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, दिल्ली में अब विकास का अभूतपूर्व दौर देखने को मिलेगा।"

**गजेंद्र शेखावत ( केंद्रीय मंत्री )**



"सौभाग्य की बात है कि रेखा चांदनी चौक लोकसभा की शालीमार बाग विस से सदस्य हैं और रामलीला मैदान में पीएम की विशिष्ट उपस्थिति में सीएम की शपथ ली है। यह भावुक एवं गौरव के क्षण हैं"

**प्रवीण खंडेलवाल ( सांसद )**

## दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने कई चुनौतियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सत्ता में 27 साल बाद वापसी के साथ प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करना और कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना है

दिल्ली की सत्ता में 26 साल बाद निर्णायक जनादेश के साथ वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिनमें अपने प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करना, पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना, शहर के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना और यमुना की सफाई शामिल है। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की वित्तीय सेहत पर नजर रखते हुए ये सारे काम करने होंगे। अपने गठन के बाद से पहली बार सत्ता से बाहर हुई आम आदमी पार्टी (आप) अब विपक्ष में होगी, और भाजपा पर दबाव बनाएगी।

हाल ही में संपन्न 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट के साथ निर्णायक जीत हासिल की, जबकि आप को केवल 22 सीट मिलने से राजधानी में उसका एक दशक लंबा शासन समाप्त हो गया।

भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शीर्ष प्राथमिकताओं में दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक मानदेय प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करना होगा। यह पार्टी के घोषणापत्र में एक प्रमुख प्रतिबद्धता थी और इसे आप के 2,100 रुपए के वादे से आगे निकलने के लिए तैयार किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक फरवरी को द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो पहली कैबिनेट बैठक में राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया जाएगा। आप ने मानदेय का भुगतान करने की भाजपा की प्रतिबद्धता पर संदेह जताया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस शुक्रवार को कहा कि वह नई सरकार को जवाबदेह ठहराएंगी। भाजपा के लिए एक और बड़ी चुनौती आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना होगा, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी का कनेक्शन और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा आदि शामिल हैं।

जबकि भाजपा ने मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि ये लाभ बंद नहीं किए जाएंगे, आप नेताओं ने पार्टी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए हैं।

## आशीष सूद दिल्ली मंत्रिमंडल में पंजाबी चेहरा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आगे बढ़े दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और जनकपुरी के विधायक आशीष सूद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मंत्रिमंडल में प्रमुख पंजाबी चेहरा हैं। जनकपुरी से पहली बार विधायक सूद अपने संगठन कौशल के लिए जाने जाते हैं। वह फिलहाल गोवा भाजपा के प्रभारी और पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के सह-प्रभारी हैं। नई मुख्यमंत्री की भांति, सूद भी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष हैं। उन्होंने 1989 में छात्रसंघ का चुनाव जीता था और अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। वह एबीवीपी में राष्ट्रीय सचिव समेत विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।

## डॉ. पंकज सिंह पूर्वांचल का प्रतिनिधित्व करेंगे



**नई दिल्ली।** नई सरकार में पूर्वांचल के चेहरे के तौर पर देखे जा रहे पहली बार के विधायक बने पंकज कुमार सिंह पेशे से दंत चिकित्सक (सर्जन) हैं। वह दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा के महासचिव हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से आकर राजधानी में बस गए लोगों को पूर्वांचली कहा जाता है और वे राष्ट्रीय राजधानी के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अपना प्रभुत्व रखते हैं। सिंह ने 1998 में बिहार के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय से दंत चिकित्सा में स्नातक की डिग्री हासिल की। दिल्ली मंत्रिमंडल में उन्हें शामिल किए जाने को बिहार के राजनीतिक परिदृश्य से भी जोड़कर देखा जा रहा है जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

## मनजिंदर सिरसा सिख नेता और सामाजिक कार्यकर्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन लंगर के आयोजन को लेकर चर्चा में रहे थे। उन्होंने अपनी मातृभाषा पंजाबी में शपथ ली। दिल्ली मंत्रिमंडल में उनके शामिल होने को सिख समुदाय के बीच अपना समर्थन मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। सिख समुदाय किसान आंदोलन से निपटने को लेकर पार्टी की आलोचना करता रहा है। केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन करने वाले अधिकतर किसान पंजाब से थे। ये कानून अब रद्द हो चुके हैं। राजौरी गार्डन से तीन बार विधायक रहे सिरसा ने वर्ष 2021 में शिरोमणि अकाली दल छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने पहली बार 2013 में अकाली दल के टिकट पर राजौरी गार्डन सीट जीती थी। सिख नेता नेपाल, चेन्नई, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में प्राकृतिक आपदाओं के बाद चलाए गए विभिन्न राहत प्रयासों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।

## रविंद्र इंद्राज भाजपा का दलित चेहरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले पहली बार के विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का सक्रिय सदस्य रहे हैं। वह रेखा सरकार में सिंह दलित चेहरा हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

सिंह पार्टी के एससी मोर्चा से जुड़े रहे हैं और उन्होंने हालिया विधानसभा चुनाव में उत्तरी दिल्ली में पार्टी के लिए समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके पिता इंद्राज सिंह भी नरेला निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं।

## नवनियुक्त पांच मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज

**एडीआर रिपोर्ट**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





● मुख्यमंत्री सहित पांच ने अपने खिलाफ ऐसे मामले घोषित किए हैं, जबकि दो हैं अरबपति

चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, दिल्ली में शपथ लेने वाले सात मंत्रियों में से मुख्यमंत्री सहित पांच ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि दो अरबपति हैं। एडीआर की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह निष्कर्ष 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रियों द्वारा प्रस्तुत स्व-शपथ हलफनामों पर आधारित है। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, सात में से पांच मंत्रियों (71 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि दो मंत्री (29 प्रतिशत) अरबपति हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित पांच मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से एक मंत्री आशीष सूद पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। आर्थिक लिहाज से कैबिनेट के दो मंत्री अरबपति हैं।

सबसे अधिक घोषित कुल संपत्ति वाले मंत्री राजौरी गार्डन निर्वाचन क्षेत्र से मनजिंदर सिंह सिरसा हैं, जिनकी संपत्ति 248.85 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे कम घोषित कुल संपत्ति वाले मंत्री करावल नगर निर्वाचन क्षेत्र से कपिल मिश्रा हैं, जिनकी संपत्ति 1.06 करोड़ रुपए है। इसमें कहा गया है कि जिन सात मंत्रियों का विश्लेषण किया गया उनकी औसत संपत्ति 56.03 करोड़ रुपए है। सभी सात मंत्रियों ने देनदारियों की घोषणा की है, जिनमें नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित प्रवेश साहिब सिंह पर सबसे अधिक 74.36 करोड़ रुपए की देनदारियां हैं।

रिपार्ट के अनुसार, छह मंत्रियों (86 प्रतिशत) ने स्नातक स्तर या उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता घोषित की है जबकि एक मंत्री ने केवल 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उम्र के मामले में पांच मंत्री (71 प्रतिशत) 41 से 50 वर्ष के हैं, जबकि शेष दो (29 प्रतिशत) मंत्रियों की उम्र 51 से 60 वर्ष के बीच है। मंत्रिमंडल में केवल एक महिला मंत्री है जो खुद मुख्यमंत्री हैं।

## शीला दीक्षित से प्रेरणा लेकर कार्य शुरू करें सीएम : देवेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कांग्रेस नेता ने कहा, रेखा पूर्व मुख्यमंत्री को रोल मॉडल मानेंगी तो होगा विकास



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे दिल्ली की उम्मीदों को आप पूरा करेंगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अगर दिल्ली को विकास के रास्ते पर फिर से लाने में सफल होना है तो पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को रोल मॉडल मानकर काम करना होगा जिन्होंने दिल्ली को विश्व स्तरीय स्तर पर विकास किया था। उन्होंने कहा कि अगर शीला दीक्षित की तरह एक स्वच्छ, हरित, प्रदूषण मुक्त विश्व स्तरीय शहर के रुप में बदलना है तो उनके विकास के खाके पर चलना होगा, जिसे 11 साल में आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट और अक्षम सरकार पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस दिल्ली की नई सरकार को पूर्ण सहयोग और समर्थन देगी, अगर यह तुरंत केजरीवाल सरकार द्वारा बर्बाद किए नागरिक बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए किए जमीनी स्तर पर काम करेगी, क्योंकि आम आदमी पार्टी लोगों को गुमराह करके सत्ता में आई जिसने भ्रष्टाचार और लूट मचाकर सिर्फ करदाताओं के पैसे को ठगने और लूटने का काम किया।

## भाजपा पहली कैबिनेट में पास करे महिलाओं के लिए 2500 रुपये की योजना : आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पूर्व सीएम ने कहा, उम्मीद है कि 8 मार्च को महिलाओं के खाते में डाली जाएगी सम्मान राशि



दिल्ली में भाजपा की सरकार को शपथ लेने के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी ने उस पर चुनाव के दौरान दिल्लीवालों से किए अपने वादे को पूरा करने का दबाव बना दिया है। आप की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा से पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली की महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपए देने की स्कीम को पास करने की याद दिलाई है।

आप नेता ने कहा, दिल्ली की महिलाओं को भाजपा की सरकार से 8 मार्च तक उनके खाते में 2500 रुपए आने का बेसब्री से इंतजार है। चुनाव के समय प्रधानमंत्री समेत भाजपा के सभी नेताओं ने वादा किया था कि उनकी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट में महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपए देने की स्कीम पास करेंगे। आम आदमी पार्टी उम्मीद करती है कि भाजपा अपने वादे के अनुसार 8 मार्च को महिलाओं के खाते में 2,500 रुपए की सम्मान राशि डाल देगी।

आतिशी ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनकी पूरी कैबिनेट को शपथ ग्रहण करने पर बधाई देते हुए कहा कि आज दिल्ली को अपनी चौथी महिला मुख्यमंत्री मिली है। मैं उम्मीद करती हूं कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते जो वादे भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं से किए हैं, उन वादों को रेखा गुप्ता बखूबी निभाएंगी। चुनाव प्रचार के समय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, भाजपा के सभी नेताओं ने और खुद रेखा गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह की सम्मान राशि उनके बैंक खातों में मिलेगी। उन्होंने साफ-साफ कहा था कि जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी, कैबिनेट की पहली बैठक में 2500 रुपये प्रति माह की योजना दिल्ली की हर महिला के लिए पास होगी और 8 मार्च को पहली किश्त दिल्ली की हर महिला को मिल जाएगी।

## सोनिया गांधी गंगा राम अस्पताल में भर्ती!



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को बृहस्पतिवार को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी तबीयत ठीक है और शुक्रवार को उन्हें छुट्टी मिल सकती है। दिसंबर 2024 में गांधी 78 साल की हो चुकी है। एक सूत्र ने बताया कि हालांकि भर्ती होने का सही समय अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन उन्हें बृहस्पतिवार सुबह भर्ती कराया गया। सूत्र ने बताया कि वह डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में हैं। हालांकि इससे पहले भी वो सर गंगाराम अस्पताल में स्वास्थ्य जांच व इलाज के लिए भर्ती होती रही हैं। लेकिन इस संबंध में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं जारी किया गया है।

## एमसीडी ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, एक लड़की समेत दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गोविंदपुरी इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक ट्रक ने बृहस्पतिवार को एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय एक लड़की सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान जावेद खान (32) और मायरा के रूप में हुई है। जावेद दोपहिया वाहन चला रहा था।उसने बताया कि खान मायरा के पिता के अनुरोध पर उसे स्कूल छोड़ने जा रहा था, क्योंकि उसे स्कूल के लिए देरी हो रही थी। पुलिस ने ट्रक चालक और उसके सहायक को गिरफ्तार कर लिया है तथा मामले की जांच के लिए वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, गोविंदपुरी पुलिस थाने को सूचना मिली की तुगलकाबाद एक्सटेंशन के पास एमसीडी के एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी है, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना के बाद ओखला निवासी ट्रक चालक जुगल राय और उसके सहायक ऋषि कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। इस घटना के बाद पीड़ितों के परिजनों ने प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## ईओडब्ल्यू ने 80 लाख की ठगी के आरोप में एक को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सालभर में निवेश राशि दोगुना करने का झूठा वादा कर 65 से अधिक लोगों को धोखा देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कहा कि आरोपी इंद्रजीत सिंह (55) ने लोगों से लगभग 80 लाख रुपए ठगे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) अमृता गुगुलोथ ने एक बयान में कहा, आरोपी जहांगीरपुरी के महेंद्र पार्क का निवासी है और वह बड़े पैमाने पर पोंजी स्कीम चला रहा था। पीड़ित मनमीत सिंह की शिकायत के आधार पर आर्थिक अपराध शाखा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उन्हें एक निजी फर्म के तहत धोखाधड़ी वाली योजनाओं में निवेश के लिए प्रलोभन किया। इंद्रजीत ने फर्जी रसीदें जारी करके धन का दुरुपयोग किया और बाद में जब पीड़ितों ने अपने पैसे मांगे तो वह फरार हो गया।

## सीएम ने कैबिनेट संग वासुदेव घाट पर यमुना आरती की

● रेखा गुप्ता ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक से पहले पूजा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को सचिवालय में राष्ट्रीय राजधानी की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के तुरंत बाद वासुदेव घाट पर अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ यमुना आरती की।

विधानसभा चुनाव में यमुना नदी में प्रदूषण और इसकी सफाई बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया था। आप संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर यमुना के अत्यधिक प्रदूषित होने को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने हमला किया था। मुख्यमंत्री ने भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अपने कैबिनेट सहयोगियों प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह के साथ कैबिनेट की पहली बैठक से पहले मां यमुना पूजा की। घाट पर राम भजन बजाए गए और जय श्री राम और यमुना मैया की जय के जयकारे लगाए गए।

# पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## मतदान कराना जिम्मेदारी का काम, संशय होने पर उच्चाधिकारी से मार्गदर्शन लेकर उसे दूर करें अधिकारी: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में बोलते अधिकारी।

जिला में निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला में निकाय चुनाव में चुनावी ड्यूटी निभाने वाले पीठासीन अधिकारियों को चार अलग शिफ्ट में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार ने पीठासीन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदान करवाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी वाला होता है, इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव की ड्यूटी को गर्व की अनुभूति के साथ करें। विश्व के सबसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न करवाना हर एक अधिकारी या कर्मचारी की बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा किसी भी तरह का संशय होने पर उच्च अधिकारी से मार्गदर्शन लेकर उसे दूर कर लें। उन्होंने आश्वस्त किया कि चुनाव में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों तथा अधिकारियों को जिला प्रशासन की ओर से सहयोग दिया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर में नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त महावीर प्रसाद ने ईवीएम की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी से अवगत कराते हुए कहा कि मतदान करवाना बहुत ही संवेदनशील व जिम्मेदारी का काम है तथा पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को यह कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी अपने बूथ पर पहुंचकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण कर लें। इस दौरान ऑन हैंड प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान बड़ी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम भी पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को मतदान से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया दिखाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीटीएम रविंद्र कुमार, हरसरू के नायब तहसीलदार आशीष मलिक, एचसीएस ज्योति नागपाल सहित अन्य अधिकारी व कमर्चारी उपस्थित रहे।

# 26 संकल्प लेकर मैदान में उतरे हैं सुंदर लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


प्रचार के दौरान महिलाओं का आशीर्वाद लेते मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव।

नगर निगम मानेसर के लिए 26 संकल्प लेकर चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल अपनी जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त हैं। सुबह से लेकर देर रात तक जनता के बीच रहकर अपना प्रचार करने के साथ मौजिज लोगों से व्यक्तिगत फीडबैक लेकर वे सभी समीकरणों पर चर्चा भी करते हैं। उनका कहना है कि हमारी जीत पक्की है। अधिक वोटों से जीत करके इस जीत को ऐतिहासिक बनाना है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने दिल्ली में हरियाणा की बेटी रेखा गुप्ता को भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आभार जताया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

गुरुवार को आपका बेटा-आपके द्वार जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे उन्होंने अपने चुनाव कार्यालय में बैठक की। इसके बाद वे सुबह 10 बजे मेवका के अंबेडकर भवन में पहुंचे और लोगों से वोटों की अपील की। दूसरा कार्यक्रम झुंडसराय गांव की चौपाल में, फिर एससी चौपाल भांगरौला, चौपाल कांकरौला, बढ़ा गांव में ग्रामीणों के बीच जाकर उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए वोट मांगे। शाम को सेक्टर-83 स्थित लाइफ स्टाइल होम्स सोसायटी, सेक्टर-78 स्थित मॉनसून ब्रिज सोसायटी और सेक्टर-90 स्थित डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स में लोगों के समक्ष विकास का एजेंडा रखा।

# फरीदाबाद में टूटेगा लखनऊ का रिकॉर्ड: गुर्जर

- जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रवीण बत्रा ने वार्ड-1, 30 और 31 के भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




वार्ड-30 के भाजपा प्रत्याशी अनिल नागर के जनसंपर्क कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सभी 46 वार्डों के प्रत्याशियों व मेयर के लिए जनता से समर्थन मांगते हुए उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस की स्थिति पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेयर का चुनाव सबसे ज्यादा मतों से जीतने का रिकार्ड लखनऊ का है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लखनऊ के रिकार्ड को इस बार तोड़ना है। पूरे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा मतों से महापौर बनाने का रिकार्ड फरीदाबाद के नाम करना है। वार्ड-30 में भाजपा प्रत्याशी अनिल नागर के समर्थन में आयोजित जनसभा में कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि निगम चुनाव में 2 मार्च को शत प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीमती जोशी के परिवार को जानता हूं। श्रीमती जोशी अपने परिवार के संस्कारों से ओत प्रोत, पढ़ी लिखी लोगों की सेवा करने वाली प्रत्याशी है। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए गुर्जर ने कहा कि 1994 से आप लोग मेरे साथ हैं। आप लोगों ने ना मुझे छोड़ा है और ना मैने आप लोगों को छोड़ा है। इतने लंबे समय तक हम यहां हैं। इसका श्रेय फरीदाबाद की जनता को जाता है।

### समस्याओं का समाधान रहेगी प्राथमिकता: जोशी

**वार्ड-1, 30 और 31 की सभाओं में पहुंचने पर लोगों ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी का स्वागत किया और चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद दिया। जोशी ने लोगों से कहा कि हर वार्ड में कमल खिलाकर और भाजपा का मेयर बनाकर फरीदाबाद की विकास यात्रा में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना भेदभाव किए हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। लोगों से अपील करते हुए प्रवीण बतरा ने कहा कि फरीदाबाद के नॉन स्टॉप विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में मदद करें। जोशी ने कहा कि 34 वर्षों से फरीदाबाद में लोगों की सेवा कर रही हूं और लोगों की जो समस्याओं को नजदीक से जानती हूं।**



# अनुराग रस्तोगी बने हरियाणा के मुख्य सचिव, संभाला कार्यभार

**चंडीगढ़।** वर्ष 1990 बैच के आईएएस अनुराग रस्तोगी हरियाणा के 38वें मुख्य सचिव बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने चंडीगढ़ में अपना कार्यभार संभाल लिया। अनुराग 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में सरकार एक जुलाई से नई नियुक्ति करेगी। अनुराग रस्तोगी हरियाणा के पहले ऐसे आईएएस हैं जिन्होंने मुख्य सचिव का पद दूसरी बार ग्रहण किया है।

पिछले साल आईएएस टीवीएसएन प्रसाद के 30 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने के बाद सरकार ने विवेक जोशी को नियुक्त तो किया लेकिन उन्हें कार्यभार संभालने में देर हो गई। जिसके चलते सरकार ने एक नवंबर से तीन नवंबर तक तीन दिन के लिए अनुराग रस्तोगी को हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया था। चार नवंबर 2024 को विवेक जोशी ने मुख्य सचिव का पद संभाला। जोशी के केंद्र में चुनाव आयुक्त लगने के बाद प्रदेश सरकार ने बुधवार की रात फिर से अनुराग रस्तोगी को हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त कर दिया। हालांकि मुख्य सचिव बनने की दौड़ में वरिष्ठ आईएएस सुधीर राजपाल और सुमिता मिश्रा का नाम भी था। हरियाणा सरकार में इससे पहले भी फाइनेंशियल कमिश्नर रेवेन्यू को ही मुख्य सचिव बनाया जाता रहा है। जिसके चलते वरिष्ठता को दरकिनार करके सरकार ने रस्तोगी को वित्त विभाग के एसीएस का अतिरिक्त चार्ज भी दिया है। वह लंबे समय से इस विभाग में तैनात हैं। रस्तोगी प्लानिंग कोआर्डिनेशन के प्रभारी सचिव भी रहेंगे।

# आग लगने से बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत

**गुरुग्राम।** यहां सरस्वती विहार में एक दर्दनाक अग्निकांड में एक बुजुर्ग महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। घर में लगे हीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग महिला बाहर नहीं निकल सकी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान एमजी रोड के पास सरस्वती विहार कॉलोनी के मकान 490, विवेकानंद ब्लॉक की निवासी अंजलि बख्शी (80) के रूप में हुई। वह अपने बेटे के साथ रहती थी। अंजलि घर की पहली मंजिल पर रहती थीं, जबकि उनका बेटा और परिवार के अन्य सदस्य ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। बुधवार रात अंजलि खाना खाने के बाद पहली मंजिल पर सोने चली गई। रात करीब साढ़े 11 बजे परिवार के लोगों को बाहर कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब परिवार के लोग नींद से जागे तो देखा कि घर में धुआं भरा हुआ है। ऐसे में जब परिवार के लोग बाहर निकले तो देखा कि घर की पहली मंजिल पर भीषण आग लगी हुई है. उन्होंने सीढ़ियों से पहली मंजिल पर जाने की कोशिश की लेकिन धुएं और भीषण आग के कारण ऊपर नहीं जा सके।

# खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों की लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी: गौतम

- खिलाड़ियों का बीमा कराया जाएगा, चोटिल होने पर होगा इलाज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश खेल नर्सरियों और ज्यादा प्रभावी व सशक्त बनाया जाएगा। इसी कड़ी में खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक से हाजिरी होगी और हाजिरी पूरी होने पर ही उन्हें खुराक भत्ता दिया जाएगा। इससे पारदर्शिता रहेगी और ग्रांट का भी सही ढंग से योग्य खिलाड़ियों तक लाभ पहुंचेगा।

फिलहाल पंचकूला के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम की नर्सरी के खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक से हाजिरी शुरू करवाई जाएगी और इसमें सफलता मिलने पर प्रदेश के अन्य स्टेडियमों व खेल नर्सरी वाले स्कूलों में बायोमेट्रिक से खिलाड़ियों की हाजिरी शुरू की जाएगी। गौरव गौतम गुरुवार को चंडीगढ़ सिविल सचिवालय में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। खेल मंत्री ने कहा कि खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों का इंश्योरेंस करवाया जाएगा, ताकि चोटिल होने पर वे ठीक से अपना इलाज करवा सकें और निरंतर अभ्यास कर प्रदेश के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के स्टेडियमों व ब्लाक स्तर पर बनाए गए राजीव गांधी खेल स्टेडियमों में सुधार किया जाएगा। खेल विभाग की इंजीनियरिंग विंग को मजबूत करते हुए एसडीओ व जेई की भर्ती करवाई जाएगी, ताकि स्टेडियमों में बनने वाले मल्टीपर्पज हॉल व अन्य भवनों के निर्माण में देरी न आए। उन्होंने कहा कि जल्द ही सोनीपत में कुश्ती और पानीपत में बाक्सिंग की एक्सीलेंसी शुरू की जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों के रहने के लिए हॉस्टल की व्यवस्था रहेगी। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सहूलियत रहेगी। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट का बढ़ावा देने के लिए यमुनानगर में बंदा सिंह बहादुर मार्शल आर्ट स्कूल का निर्माण करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### डीसी व एसपी को समाज रत्न देकर किया सम्मानित

**पलवल।** उत्कृष्ट कार्यों एवं कुशल प्रशासनिक व्यवस्था से खुश समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों ने जिला उपायुक्त हरीश वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विनोद शर्मा के नेतृत्व में यह सम्मान लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में पहुंचकर किया। इस अवसर पर पंडित ललित आजाद प्रवक्ता ब्राह्मण सभा, महावीर पंडित उपाध्यक्ष जिला ब्राह्मण सभा, डॉक्टर संपत सिंह शिक्षाविद, सुंदर भारद्वाज कुलेना, विष्णु गौड़ शिक्षाविद, तुलाराम सरपंच बघौला, रघुराज पूर्व सरपंच पातली, से पंडित नानक चंद शर्मा, तरुणजीत तेवतिया जनौली, विनोद सोल्डा, अधिवक्ता मोहित भारद्वाज, रवि शर्मा, तेजेंद्र वशिष्ठ, दीनदयाल भारद्वाज, पायलेट कृष्ण वशिष्ठ, गजेंद्र वशिष्ठ शायद अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे।

### जापानी कंपनी ने की कौशल विवि के साथ एमओयू पेशकश

**पलवल।** जापानी कंपनी एनएमटी की सीईओ एमी सूचियासन ने बृहस्पतिवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने ब्यूटी मेडिकल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने की पेशकश की। शिक्षा शास्त्र के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर ऋषिपाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग की संयुक्त निदेशक शिखा गुप्ता ने प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा की। एमी सूचियासन ने कहा कि ब्यूटी मेडिकल का क्षेत्र दुनिया में तेज़ी से बढ़ रहा है। यदि इस क्षेत्र में प्रशिक्षण का कार्यक्रम होगा तो युवाओं को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे। शिक्षा शास्त्र के अधिष्ठाता प्रोफेसर ऋषि पाल ने कहा कि यदि जापानी कंपनी के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम से भारत के युवाओं को लाभ होगा तो निश्चित तौर पर हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### गुरुग्राम चुनाव के लिए वार्ड संयोजक बनाए: अशोक

**गुरुग्राम।** नगर निगम चुनाव के लिए जिला सह-प्रभारी अशोक बुवानीवाला ने जिला प्रभारी करण सिंह दलाल की सहमति से वार्ड संयोजक नियुक्त किए हैं। सभी 36 वार्ड के लिए से संयोजक चुनाव की रणनीति पर काम करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का काम करेंगे। बुवानीवाला ने बताया कि वार्ड-1 से पवन खटाना, वार्ड-2 से प्रवीन यादव, वार्ड-3 से सन्नी यादव, वार्ड-4 से जितेंद्र राणा, वार्ड-5 से रश्मि शर्मा, वार्ड-6 से महेश कटारिया, वार्ड-7 से अमित यादव, वार्ड-8 से कुलदीप कटारिया, वार्ड-9 से अमित कोचर, वार्ड-10 से दिनेश शर्मा, वार्ड-11 से निर्मल यादव, वार्ड-12 से एडवोकेट अशोक टांक, वार्ड-13 से केएस राव, वार्ड-14 से एडवोकेट ओमप्रकाश पांचाल, वार्ड-15 से पूजा शर्मा, वार्ड-16 से भारत मदान, वार्ड-17 से एडवोकेट प्रदीप चौहान, वार्ड-18 से अशोक उल्लावास, वार्ड-19 से नरेश वशिष्ठ, वार्ड-20 से एडवोकेट हेमंत शर्मा, वार्ड-21 से धर्मेंद्र मिश्रा, वार्ड-22 से जय सिंह हुड्डा, वार्ड-23 से सुमित यादव, वार्ड-24 से महेश वशिष्ठ, वार्ड-25 से अमरजीत गुज्जर, वार्ड-26 से नरेश यादव, वार्ड-27 से मुकेश डागर, वार्ड-28 से मुकेश डागर कोच, वार्ड-29 से अनिल धानक, वार्ड-30 से सुनील वर्मा, वार्ड-31 से राहुल यादव, वार्ड-32 से मनीष खटाना, वार्ड-33 से सीमा हुड्डा, वार्ड-34 से पवन चौधरी, वार्ड-35 से परविंदर कटारिया, वार्ड-36 से अमन कौशिक को संयोजक की जिम्मेदारी दी है।

# भाजपा 24 को संकल्प पत्र जारी करेगी


भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर बैठक में मौजूद सीएम नायब सैनी व अन्य नेतागण।

- हर शहर, वार्ड के मुद्दों को शामिल करने को लेकर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने संकल्प पत्र लगभग तैयार कर लिया है और भाजपा यह 24 फरवरी को जारी कर देगी। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के अनुसार संकल्प पत्र को मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक कार्यालय मंगल कमल से जारी करेंगे। गुरुवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में प्रदेशाध्यक्ष और मुख्यमंत्री तथा संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, विजयपाल एडवोकेट की उपस्थिति में भाजपा नेताओं ने घंटों मंथन किया।

बैठक में शहर और वार्डों के मुद्दों पर चर्चा हुई और इसे अगले एक दो दिनों में ही तैयार कर लेने का निर्णय लिया गया। संकल्प पत्र को लेकर 3 बजे ही प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, एडवोकेट वेदपाल, एडवोकेट विजय पाल सहित तमाम नेता गुरुकमल कार्यालय में पहुंच गए थे। जैसे ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक में पहुंचे वैसे ही मीटिंग में संकल्प पत्र पर विस्तृत चर्चा शुरू हुई।

# गरीबों का हक छीन किया करोड़ों का घोटाला: उदयभान

- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले- भाजपा राज में फरीदाबाद बना भ्रष्टाचार का गढ़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि भाजपा राज में फरीदाबाद भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में 200 करोड़ के घोटाले की गूंज अभी ठंडी नहीं पड़ी है कि अब जिले में लगभग 300 करोड़ का घोटाला और सामने आया है। उन्होंने ईरोज ग्रुप के लेकवुड सिटी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस सिटी में भाजपा नेताओं के संरक्षण में गरीबों का हक छीना गया है जिससे भाजपा का भ्रष्टाचारी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के टिकट पर निगम चुनाव लड़ रहे पार्षद ने अपने हल्फनामे में करोड़ों की सम्पत्ति दर्शाई है, जबकि दूसरी तरफ इस सोसायटी के ईडब्ल्यूएस व्यक्तियों के लिए आरक्षित प्लाट लिए हैं, वहीं हरियाणा सरकार के बड़े अधिकारी को भी प्लाट अलॉट किए गए हैं। जिससे साबित होता है कि इस भ्रष्टाचार के खेल में मंत्री, विधायक व अधिकारी शामिल हैं, इसलिए इस घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए। उदयभान प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ व कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार श्रीमती लता रानी गुर्जर पत्नी रिंकू चंदीला के कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

# कार्यकर्ताओं की बदौलत चुनाव जीतेगी भाजपा: बराला

- राज्यसभा सांसद ने गुरुग्राम और मानेसर के वार्ड संयोजकों, महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बैठक में मौजूद गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला व अन्य पदाधिकारी।

राज्यसभा सांसद एवं गुरुग्राम के चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने भाजपा कार्यालय गुरुकमल में गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर गुरुवार को वार्ड संयोजकों, महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बराला ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से निगम चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत होगी।

सुभाष बराला ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और उनकी निष्ठा का संबल चुनाव जीतने में अधिक महत्व रखता है, इसलिए सभी एकजुट होकर चुनाव के मैदान में उतरें। बराला ने बैठक में गुरुग्राम और मानेसर क्षेत्र की चुनाव संबंधी पूरी जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बूते ही भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है कि हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी है। इस मौके पर मंच पर मंत्री कृष्ण बेदी, जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, विधायक मुकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, हरविन्द्र कोहली, मनीष गाडौली, अजीत यादव और निवर्तमान मेयर मधु आजाद आदि उपस्थित रहे।

# हथीन में निर्विरोध चुने गए तीन पार्षद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



बृहस्पतिवार को हथीन नगरपालिका से पंचायती उम्मीदवार आभा रबीन कुमार ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस बार हथीन की जनता भय व भ्रष्टाचार फैलाने वालों का अहम और वहम दूर कर उन्हें आशीर्वाद देकर विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए ही उन्होंने लोगों की सहमति से तीन वार्डों में निर्विरोध पार्षदों के चुनाव कराएं है। उन्होंने हथीन नगरपालिका क्षेत्र से निर्विरोध चुने गए सभी पार्षदों को बधाई दी।

# चैंबर बनवाना रहेगी पहली प्राथमिकता: रामानंद

**गुरुग्राम।** बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रधान पद प्रत्याशी रामानंद यादव ने कहा कि प्रधान चुने जाने पर सभी अधिवक्ताओं के लिए चैंबर बनवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। लंबे समय से चैंबर्स की मांग है, लेकिन यह अभी तक सिरे नहीं चढ़ी है। यह बात उन्होंने होटल एक्यूरा में प्रेस कांफ्रेंस में अपना चुनावी घोषणापत्र सांझा करते हुए कही।

**PUBLIC NOTICE**

We, Vishal Chadha S/o Sh. Satpal Chadha & Varun Chadha S/o Sh. Vishal Chadha both partners of M/s Chadha Construction Co. wish to inform that we have taken Sh. Satpal Chadha S/o Late Sh. Devi Dayal Chadha as outgoing partner in the firm w.e.f 01-04-2025. We continuing partners are doing so voluntarily out of our free will. If anyone has any objection then please contact us at M/s Chadha Construction Co., D117 Mansarovar Garden, New Delhi-110015.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल (1) **श्रीमती हेमा यादव** (2) **श्री अभिषेक यादव** (3) **श्री अनुशेख यादव** निर्मित संपत्ति नंबर WZ-95 जिसका क्षेत्रफल 1017 वर्ग गज है, जो खसरा संख्या 42 में से है, जो पुराना लाल डोरा, गांव ज्वाला हेरी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 के क्षेत्र में स्थित है के मालिक हैं। पंजीकरण त्याग विलेख दिनांक 12.04.2022 के माध्यम से (1) श्रीमती स्वेता राजकुमार पत्नी श्री राहुल राजकुमार और (2) श्रीमती सोनम यादव पत्नी श्री देवेंद्र यादव पंजीकरण संख्या 2276 के अनुसार एसआर-II ए दिल्ली में निष्पादित किया गया। उपरोक्त संपत्ति फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ बंधक होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/ अधिकार/ग्रहणाधिकार, कोई भी आपत्ति है, तो उसे दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत अधिवक्ता के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता/**एडवोकेट** विशाल मेहन, ई-713, कड़कड़ डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092 के पते पर सूचित करे। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **एडवोकेट विशाल मेहन**, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092, मोबाइल नंबर - 9811215181.

**राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग**
भारत सरकार (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत गठित)
उपभोक्ता न्याय भवन, 'एफ' ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए. नई दिल्ली-110023
टेलीफोन नंबर 24608735, 24608756
ई-मेल:- fa.ncdrc@gmail.com

प्रथम अपील संख्या 99/2023
IA/15306/2023, IA/15307/2023 के साथ
(राज्य आयोग दिल्ली की शिकायत संख्या 340/2016 में दिनांक 13 जुलाई 2021 के आदेश के विरुद्ध)
अशोक कुमार गोयल...याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता
बनाम
मेसर्स एसकेएम रेफकॉन प्राइवेट लिमिटेड
.....विपरीत पक्ष/प्रतिवादी(गण)
1. श्री सुमित कुमार मल्होत्रा, (निदेशक)
पता- ए-1706, ग्रीनफील्ड कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा-121001.

सूचना

जबकि राज्य आयोग, दिल्ली के आदेश से उत्पन्न **उपभोक्ता शिकायत संख्या 340/2016** में दिनांक 13/07/2021 के आदेश के विरुद्ध दायर **प्रथम अपील संख्या 99/2023** में आपको प्रतिवादी के रूप में रखा गया है।

**और चूंकि प्रतिवादी-1 को पंजीकृत डाक द्वारा भेजी गई सुनवाई की सूचना डाक टिप्पणी "पता छोड़ दिया गया है" के साथ वापस प्राप्त हुई है।**

**अतः अब इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित** किया जाता कि आप माननीय आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने वकील/प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक **17.03.2025** को उपस्थित हों, अन्यथा अपील का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा।

**दिनांक 31 जनवरी, 2025, नई दिल्ली**

**सहायक रजिस्ट्रार**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Abhishek Kumar S/o Sanjay** Kumar R/o H.No.-12, Gali No-7E, Om Tvs Showroom Molarband Extn, Badarpur, New Delhi-110044 declare that my name has been written in my birth certificate as Abhishek insted of Abhishek Kumar. My correct name is Abhishek Kumar.

**PD(1546)C**

**I, hitherto known as Aaksh** Kumar Jha S/o Shri Jai Nath Jha R/o H.No.- W-183, Janki Vihar, Prem Nagar -2, Kirari Suleman Nagar, Delhi Pin: - 110086, have changed my name and shall hereafter be known as Aakash Kumar Jha for all future purpose.

**PD(1547)A**

**I, DEEN MOHAMMED S/o** NOOR AHMED R/o H.No.36/293-94-95, Block-36, Trilokpuri East Delhi-110091, have changed the name of my minor son KAMIL MOHD aged 10 years and he shall hereafter be known as QAMIL MOHAMMED.

**PD(1558)C**

**I hitherto known as ALOKA** W/o SHISHUPAL SINGHA, R/o House No, 239, 3rd Floor, Street No. 1, A- Block New Kondli, Mayur Vihar Phase-3, East Delhi, Delhi-110096, have changed my name and shall hereafter be known as ALOKA SINGHA.

**PD(1559)C**

**I, Anish Srivastava S/o** Mahendra Prasad R/o A-04, Upper Ground Floor, Khanpur, Krishna Park, Devli, South Delhi-110080, have changed my name to Anish Kumar for all future purposes.

**PD(1560)A**

